हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक—105 : जौनपुर, शुक्रवार 10 जून 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज —4 मूल्य : 2 रूपया

## दिल्ली सहित उत्तर भारत में 11 जून के बाद बदलेगा मौसम : इन क्षेत्रों में हीटवेव की चेतावनी

ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय : देशभर में एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। प्डक के मुताबिक एक तरफ जहां पूर्वी और दक्षिणी राज्य में बारिश का कहर जारी है। वहीं दूसरी तरफ राजधानी सहित उत्तर भारत में फिलहाल गर्मी से राहत के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। राजधानी दिल्ली में तापमान 44 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। मध्य प्रदेश उत्तराखंड सहित राजस्थान झारखंड हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अलावा विदर्भ में हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है। दरअसल राजधानी दिल्ली सहित नौ राज्यों में फिलहाल 10 जून तक का अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी दिल्ली में आज आसमान साफ रहेगा तेज धूप खिली रहेगी अधिकतम तापमान जहां 43 डिग्री व न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना जताई गई है। हरियाणा के कई क्षेत्रों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया दरअसल अधिकतम तापमान 43 डिग्री व न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना जताई गई है जबकि पंजाब की बात करें तो पंजाब में भी आज मौसम में गर्मी घुली रहेगी। अधिकतम तापमान 43 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है हालांकि कल से आसमान में बादल छाएंगे। इसके अलावा राजस्थान की बात करें तो न्यूनतम तापमान 32 डिग्री जबकि अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना जताई गई है। आसमान में धूप छाए रहेंगे। फिलहाल राजस्थान में हीटवेव और गर्मी से राहत के आसार नजर नहीं आ रहे हैं जबकि मध्यप्रदेश की बात करें तो मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में बूंदाबादी का अलर्ट जारी किया गया। हालांकि आसमान में बादल छाए रहने से लोगों को राहत मिलेगी। वहीं मंगलवार से एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। वहीँ छत्तीसगढ़ में आसमान में बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 45 डिग्री व न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है। बुधवार से पहले छत्तीसगढ़ में बूंदाबांदी के आसार नजर नहीं आ रहे। हालांकि आसमान में बादल छाए रहने से लोगों को राहत मिलेगी। इधर बिहार में आसमान में बादल छाए रहेंगे, अधिकतम तापमान 40 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना जताई गई है। बादल छाने से लोगों को राहत नसीब होगी। बारिश की संभावना फिलहाल बिहार में नहीं जताई गई है जबकि झारखंड में जल्दी मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। अधिकतम तापमान 38 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है। एक बार फिर से झारखंड में बारिश का दौर शुरू होगा क्षेत्रों में भी बूंदाबादी देखने को मिल सकती है। हालांकि बंगाल में आज मौसम में बदलाव देखेगा बंगाल के कुछ क्षेत्रों में बारिश देखने को मिल सकती है। कोलकाता में भी आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। अधिकतम तापमान 36 डिग्री व न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना जताई गई है। बता दे कि मानसून झारखंड को क्रॉस कर बिहार में एंट्री ले चुका है। ऐसी स्थिति में जल्द ही बिहार झारखंड और बंगाल में मौसम में बदलाव देखने को मिलेंगे। भारत के कई क्षेत्रों में आने वाले दिनों में लू देखने को मिल सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा—दिल्ली और पूर्वी मध्य प्रदेश में 11 जून तक लू चलने का अनुमान है। 8 जून को, उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम मध्य प्रदेश के साथ—साथ ओडिशा में भी 10 जून तक मौसम समान रहेगा। अपनी मौसम संबंधी रिपोर्ट में, आईएमडी ने यह भी कहा कि उत्तर पश्चिम और मध्य भारत के अधिकांश क्षेत्रों में अधिकतम तापमान होगा। इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार से पांच दिनों के दौरान देश के अन्य हिस्सों में अधिकतम तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को 8 और 9 जून, 2022 को असम के कई जिलों में भारी वर्षा की भविष्यवाणी की। मौसम विभाग ने दो दिनों के लिए मौसम पूर्वानुमान साझा किया है, जिसके अनुसार असम के कई जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा होगी, यहां तक ध्दकि राज्य में भी भारी बारिश होगी। पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। आईएमडी बुलेटिन के अनुसार 8 जून को धुबरी, कोकराझार, बक्सा, चिरांग, बोंगाईगांव, विश्वनाथ, लखीमपुर, दरांग, माजुली, कछार और करीमगंज में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। यह भी पढ़ें— पूर्वोत्तर में आज का मौसम: मध्यम पूर्वोत्तर क्षेत्र में कई स्थानों पर बारिश की संभावना इस बीच, मौसम विभाग ने धुबरी, कोकराझार, चिरांग, बारपेटा, नलबाड़ी, कछार और करीमगंज में भारी से बहुत भारी वर्षा और 9 जून को बक्सा में अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। दक्षिण में भारी बारिश की संभावना आईएमडी ने कहा अगले 5 दिनों में कर्नाटक, केरल और माहे और लक्षद्वीप में गरज या बिजली के साथ व्यापक रूप से व्यापक हल्की या मध्यम वर्षा की भविष्यवाणी की गई है, आंध्र प्रदेश और यनम और तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में बिखरी हुई है और तेलंगाना में अलग—अलग गतिविधि है।" कहा। 8 जून को, दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक, तटीय कर्नाटक, केरल और माहे में 11 जून तक अलग—अलग गंभीर वर्षा होने की संभावना है। उत्तरी राज्यों में भी बारिश की संभावना है। आईएमडी ने अगले तीन दिनों के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में भारी से बहुत भारी बारिश के साथ व्यापक हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की है। पश्चिम बंगाल के उप—हिमालयी क्षेत्र के साथ—साथ सिक्किम, नागालैंड और मिजोरम में भी अगले कुछ दिनों में बारिश होगी। अगले पांच दिनों के दौरान, बिहार, झारखंड, ओडिशा और गंगीय पश्चिम बंगाल में गरज के साथ छिटपुट बारिश और गरज के साथ छिटपुट वर्षा की भविष्यवाणी की गई है। वहीं उत्तराखंड सहित शिमला और अन्य पर्वतीय राज्यों में भी मौसम में बदलाव की स्थिति नहीं है। गर्मी जारी रहेगी। दरअसल कई क्षेत्रों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। अधिकतम तापमान 38 डिग्री व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है। शिमला में शनिवार के बाद मौसम में बदलाव की स्थिति देखने को मिलेगी। दक्षिणी राज्यों की बात करें तो केरल कर्नाटक तमिलनाडु में बारिश का दौर जारी रहेगा अधिकतम तापमान जहां 31 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है कर्नाटक में भी आसमान में बादल छाए रहेंगे। बूंदाबादी का दौर जारी रहेगा। हवा में ठंडी रहेगी। तमिलनाडु में भी मौसम सुहावना बना रहेगा बारिश का अलर्ट जारी किया गया है अधिकतम तापमान 37 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना जताई गई है। जबकि कल से मुंबई में भी बारिश का दौर शुरू होगा। दरअसल महाराष्ट्र के कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। गुरुवार से बारिश के अलावा अधिकतम तापमान 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना जताई गई है जबकि गोवा की बात करें तो गोवा में भी गुरुवार से बारिश का दौर शुरू होगा। न्यूनतम तापमान 26 डिग्री व अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है। इधर पूर्वी राज्यों की बात करें तो असम मेघालय मणिपुर नागालैंड में बारिश का दौर जारी रहेगा। पूर्वी राज्य में आसाम बादल छाए रहेंगे। वही नागालैंड में अधिकतम तापमान 22 जबकि न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना जताई गई है। मणिपुर में भी आसमान में बादल छाए रहेंगे गरज चमक के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मेघालय की बात करें तो मेघालय में भी मौसम में भारी बदलाव देखने को मिलेगा। गरज चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना भी जताई गई है। वहीं बारिश का दौर भी जारी रहेगा।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गठित जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक सम्पन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जनपद जौनपुर में गठित जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक सम्पन हुई। प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, जौनपुर/सदस्य सचिव जिला गंगा संरक्षण समिति उपस्थित सदस्यो का स्वागत करते हुये जिला गंगा संरक्षण समिति के दायित्वों पर प्रकाश डाला गया। सदस्य सचिवध्प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, जौनपुर ने बैठक प्रारम्भ करके शासन से प्राप्त एजेण्डा पर विस्तृत चर्चा की गई जिसके तहत जिला पंचायत राज अधिकारी से गंगा समिति का गठन, 21 जून को योगा दिवस पर परिचर्चा, शिक्षा विभाग के द्वारा रंगोली आदि कार्यक्रम आयोजित करना सम्बन्धित विभागों से उपरोक्त एजेण्डा पर अपने—अपने दायित्वों का समय से निर्वहन करने की अपेक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम गंगा समिति का गठन कर निर्धारित प्रपत्र में प्रभागीय निदेशक को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये तथा पूर्व बैठक में दिये निर्देशों के अनुपालन हेतु पुनः निर्देश दिये गये तथा समय से कार्यो को पूर्ण करने की अपेक्षा की गई। ई०ओ० नगरपालिका, जौनपुर गोमती नदी के किनारों पर यथा उचित स्थल पर मोबाईल शौचालय रखवायें एवं स्थाई शौचालय बनवाने हेतु शीघ्र उचित कार्यवाही करें जिससे नदी के किनारे खुल



में शौच करने वालों को रोका जा सके, प्रतिदिन इसकी मानीटरिंग की जाय कि नदी के किनारे किसी के द्वारा शौच इत्यादि गन्दगी न की जाये और नदी के किनारे पर साफ—सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये एवं नियमित निरीक्षण व साफ—सफाई कराई जाये । उन्होने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत ग्रीनबेल्ट विकसित करने के लिये पौधो का चयन कर नगरपालिका व वन विभाग शीघ्र निरीक्षण कर कार्यवाही करें। बैठक में नोडल अधिकारी प्रवीन खरे, प्रभागीय निदेशक, समाजिक वानिकी प्रभाग, जौनपुर, समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## छात्राओं को हेल्थ प्राथमिक उपचार के लिए करें प्रशिक्षित —प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मुक्तांगन में बालिका हेल्थ क्लब और संकाय भवन में महिला अध्ययन केंद्र का उद्घाटन कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति के तीसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में राज्य सरकार महिलाओं और बालिकाओं की सुविधा के लिए नए—नए इंतजाम कर रहीं हैं। बालिकाओं की सुविधा के लिए की जा रही तैयारियों के चलते अब राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और महिला महाविद्यालयों में बालिका हेल्थ क्लब की शुरुआत की गई है। इसके सहारे वहां पढ़ने वाली छात्राओं को स्वास्थ्य सम्बंधित प्राथमिक उपचारों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में बनने वाले इन सभी हेल्थ क्लब में छात्राओं के लिए अगस्त से दिसंबर के बीच स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया जाएगा ताकि उन्हें स्वस्थ रखा जा सके। इसी तरह महिला अध्ययन केंद्र की स्थापना भी महिलाओं को जागरूक करने और उनके सशक्तिकरण के लिए की गई है।लगातार विश्वविद्यालय में पिछले डेढ़ वर्षों से कुलपति के निर्देशन में गाँव एवं ब्लॉक स्तर पर शासन तथा राजभवन के निर्देशानुसर महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलम्बन से सम्बंधित कार्यक्रम चलाए जा रहे है। नए सत्र से महिला अध्ययन में शोध, पीजी डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्स भी चलाया



जाएगा। कार्यक्रम का संचालन महिला अध्ययन केंद्र की प्रभारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने और धन्यवाद ज्ञापन संकायाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने किया।इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, डॉ. रामनारायण, डॉ. संगीता साहु, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. लक्ष्मी मौर्य, डॉ गिरधर मिश्र, डॉ शशिकांत, डॉ विनय वर्मा, डॉ. धीरेन्द्र चौधरी, डॉ. प्रियंका कुमारी, डा. रेखा पाल, आनंद सिंह, डॉ. संजय शर्मा, अभिषेक सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## महाराष्ट्र के जनपद थाना के कल्याण तहसील के अंतर्गत टिटवाला में हुई पति पत्नी की हत्या : पुलिस को बेटे पर शक

ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय : टिटवाला मांडा इलाका में गुरुवार को शाम में हुई पति पत्नी की हत्या के संबंध में उनके पुत्र को शक के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है मांडा के नजदीक पंचवटी इलाके के साईं दर्पण बिल्डिंग में रहने वाले पति पत्नी अशोक भोंसले 55 वर्ष पत्नी विजया भोंसले 50 वर्ष और उनका पुत्र साथ में रहते थे अशोक और विजया के घर से गुरुवार शाम को काफी दुर्गंध आने लगी तब पड़ोसियों ने टिटवाला पुलिस से संपर्क किया इसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर देखी तो वह दंग रह गई दोनों पति पत्नी की हत्या की जा चुकी थी पुत्र मौके पर था नहीं इस आधार पर पुलिस वालों का पूर्ण शक उनके इकलौते बेटे पर हुई जिस पर पुलिस वाले ने उन्हें शक के आधार पर गिरफ्तार कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह हत्या बुधवार की शाम को ही की जा चुकी है अभी



हमारे पास पूर्ण सबूत ना होने की वजह से सिर्फ शक के आधार पर हम उनके पुत्र को गिरफ्तार किए हैं की जांच चालू है बहुत जल्द ही इस हत्या का खुलासा किया जाएगा।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई—पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें— उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें—

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

—संपादक

## पीसीएस—2022 परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पीसीएस—2022 परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय साहनी एवं आयोग के सदस्य सुनील सिंह की उपस्थिति में परीक्षा में लगे अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में बैठक



सम्पन्न हुयी। जनपद में 12 जून को दो पालियों में होने वाली पीसीएस की परीक्षा के लिए जिले भर में 42 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 20017 परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे। सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 42 स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगाये गये है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि परीक्षा नकलविहीन, पारदर्शी, शुचितापूर्ण सम्पन्न करायी जायेगी। उन्होने कहा कि सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली जाये,इसमें अधिकारियों एवं केन्द्राध्यक्ष के द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा प्रारम्भ होने का समय प्रथम पाली में 9:30 बजे ,दूसरी पाली में परीक्षा प्रारंभ 2:30 बजे है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्र पर पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा की पूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए और केंद्र व्यवस्थापक समय से पहुंचे। उन्हाने बताया कि केंद्र व्यवस्थापक और सेक्टर मजिस्ट्रेट संयुक्त रूप से देखरेख में पेपर खोला जाएगा। आयोग की गाइडलाइन का शत—प्रतिशत पालन किया जाए। परीक्षा के लिए पर्याप्त, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों का परीक्षा से पूर्व स्थलीय निरीक्षण करके परीक्षा की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। इस अवसर पर अपरजिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बाइक सवार पिता पुत्र की पेड़ में भिड़ने से मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के देव रामपुर गांव के पास एक पेड़ से हुई भिड़ंत में बाइक सवार पिता पुत्र की मौत हो गई ! घटना शुक्रवार सुबह की है ! पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया! ग्राम सम्मनपुर थाना खुटहन निवासी रामकृष्ण 45 अपने पिता रमेश चन्द्र तिवारी 65 वर्ष को बाइक पर बैठा कर डमरुआ अपनी रिश्तेदारी शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे! वह जैसे ही घनश्यामपुर के आगे देव रामपुर गाँव के पास पहुंचे थे कि बाइक का संतुलन नहीं संभाल सके और तेज रफ्तार होने के कारण बाइक भोला यादव के घर के



सामने पेड़ से जा भिड़ी! जिससे दोनों पिता पुत्र बाइक से गिरकर बुरी तरह घायल हो गए! घायला अवस्था में उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिए भर्ती कराया गया! जहाँ डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया! घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया!

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

—सुविचार—

फल की प्राप्ति तभी संभव है जब कर्म का बीज बोया जाये, केवल सोचनें से फल नहीं मिलता।

—साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# राजनीति : भाजपा की नई लाइफ लाइन

कहने की जरूरत नहीं कि इस्लामी देशों का एक सुर में बोलना संघ/भाजपा की उस रणनीतिक लाइन को ही रेखांकित करता है, जो कहती रही है कि 'मुस्लिमों के लिए बोलने वाले सत्तावन इस्लामी देश हैं, वे दुनिया के दो अरब मुस्लिमों को एक राष्ट्र की तरह बोलने को कहते हैं, लेकिन हिंदुओं के लिए बोलने वाला कौन है?

इन दिनों मोदी विरोधी बहुत खुश हैं कि अब भाजपा गई! इस्लामी देशों के दबाव में भाजपा को अपने विवादित मीडिया प्रवक्ता व इनचार्ज को हटाना पड़ा! जो हिंदुत्ववादी विमर्श पिछले आठ साल से सबको रगड़ रहा था, उसे पहली बार मुंह की खानी पड़ी! उसकी सारी अकड़ निकल गई। उसे अपनी औकात मालूम पड़ गई! वह अब वैसा एजेंडा नहीं चला सकती, जो चलाती आई थी और इस तरह भाजपा अब गई कि अब गई। इस बात में दम है। जो भाजपा किसी की नहीं सुनती थी, उसे इस्लामी देशों के दबाव में अचानक घुटने टेकने पड़े।

उसका दंभ टूटा। इसीलिए आज भाजपा के निंदकों के डौले चौड़े हुए दिखते हैं। इस खुशी के कारण भी कम नहीं : सब जानते हैं कि इस घटना के बाद भाजपा में अंतर्कलह बढ़ी है। कई कार्यकर्ता कह रहे हैं कि नूपुर शर्मा को निकालकर भाजपा ने 'यूज ऐंड थ्रो' की नीति अपनाई है। इसके बाद कोई प्रवक्ता मीडिया में आकर उसके लिए क्यों अपनी जान लड़ाएगा? जरा–सा इधर–उधर होते ही पार्टी उसे निकालकर पल्ला झाड़ लेगी। वह अकेला रह जाएगा। भाजपा की एक नेता ने कहा भी कि पार्टी ने सही किया, लेकिन नूपुर को भेड़ियों के बीच फेंक दिया! इस घटना के बाद संघ के भीतर भी कम बेचौनी नहीं है।

संघ के कई कार्यकर्ता तो मोहन भागवत के उस बयान से ही नाराज नजर आते हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि 'हर मस्जिद में शिवलिंग क्या खोजना?' ये क्या बात हुई? कल तक आप 'तीस हजार' या कि 'अड़तालीस हजार' मंदिरों के तोड़े जाने की बात बताते थे और उनकी वापसी की सोचते थे और संघ के प्रवक्ता इसे मीडिया में दोहराते थे, लेकिन आपने एक बयान से उन सबको 'झूठा' साबित कर दिया। अब वे क्या कहें? एक स्वामी जी तक ने इसे चुनौती दी। एक वीएचपी वाले तक ने उनके इस वक्तव्य को 'तुष्टीकरण' बताया।

जाहिर है, पहली बार संघ के प्रमुख से उसके अनेक सदस्यों की नाराजगी सामने आई, जो बताती है कि इन दिनों संघ की ऑफिशियल लाइन के प्रति भी गहरा क्षोभ है। संघ वाले सोचते थे कि भाजपा राजनीतिक जरूरत के हिसाब से आगे–पीछे कर सकती है, पर संघ ऐसा नहीं कर सकता। वह किसी बात पर आगे–पीछे नहीं होता और न हो सकता है। भाजपा से नाराजगी का तीसरा रूप वह है, जो आम हिंदू पब्लिक में दिख रहा है। पिछले सात–आठ साल से मीडिया में नित्य हो रहे हिंदुत्ववादी विमर्शों को अपने दिल की बात मानकर चलने वाली आम हिंदू जनता ने एक नया हिंदुत्ववादी 'पब्लिक स्फीअर' बनाया है।

वह भारत को 'हिंदू राष्ट्र' की तरह देखती है। वह हिंदुत्व के वर्चस्व में अपना वर्चस्व देखती है और हिंदुत्ववादी मुहावरे में सोचती है। महंगाई, बेरोजगारी की हजार तकलीफों के बावजूद वह भाजपा, प्रधानमंत्री और संघ को हर हाल में सही ठहराती है, वही आज क्षुब्ध होकर कह रही है कि भाजपा कायरों की पार्टी है, इससे कुछ नहीं हो सकता। पिछले आठ–दस दिनों में इस लेखक की कई लोगों से बातें हुईं। उन सबने भाजपा और उसके नेतृत्व को एक स्वर से रीढ़विहीन और अवसरवादी बताया और कहा कि जो भाजपा अपने बंदों की भी सगी न हुई, वह किसकी सगी होगी?

हम इसे वोट क्यों दें? वे भाजपा की नरम लाइन के मुकाबले और गरम लाइन को पसंद करने वाले नजर आए। इतना ही नहीं, भाजपा के इस तरह पीछे हटने का असर मीडिया के उस हिस्से पर भी पड़ा है, जो कल तक भाजपा के सुर में सुर मिलाता हुआ 'राष्ट्रवाद' की वकालत करता था, जो आए दिन 'हिंदुत्व बरक्स इस्लाम' कराता रहता था और इस तरह विभाजनकारी बहसों को तूल देता रहता था। इस मीडिया को भी आज पीछे हटता देखा जा सकता है। कई तो अब ऐसे 'डिस्क्लेमर' भी देने लगे हैं, जो कुछ पहले तक नहीं देते थे कि यहां व्यक्त विचारों से चौनल का कोई लेना–देना नहीं।

कहने की जरूरत नहीं कि एक घटना ने भाजपा को एकदम रक्षात्मक बना दिया है, लेकिन ऐसा नहीं कि भाजपा की 'नूपुर–नीति' के लेवाल न हों। बहुत से लोग भाजपा के इसे अल्पसंख्यकों के प्रति उसकी संवेदनशीलता की तरह भी देख रहे हैं, जिसका लाभ उसे 2024 में मिल सकता है। इसके बावजूद भाजपा के अंदर बढ़ती नाराजगी और उग्र लाइन लेने की मांग का पलड़ा भारी लगता है, जिसे भाजपा की गिरती साख पर खुश होने वाले नहीं पहचान रहे कि इसके असली मानी क्या हैं?

यहां से यह टिप्पणी उस नई स्थिति का विश्लेषण करने की ओर मुड़ती है, जिसे भाजपा के 'तात्कालिक पराभव' पर खुश होते कथित सेक्यूलर दिमाग नहीं देख पा रहे। और यही भाजपा को एक और 'लाइफ लाइन' देती है, बल्कि उसे और भी मजबूत करने का सामान मुहैया करती है। कहने की जरूरत नहीं कि इस्लामी देशों का एक सुर में बोलना संघध्भाजपा की उस रणनीतिक लाइन को ही रेखांकित करता है, जो कहती रही है कि 'मुस्लिमों के लिए बोलने वाले सत्तावन इस्लामी देश हैं, वे दुनिया के दो अरब मुस्लिमों को एक राष्ट्र की तरह बोलने को कहते हैं, लेकिन हिंदुओं के लिए बोलने वाला कौन है?

इसलिए हिंदुओ! एक रहो, संगठित रहो यानी संघ/ भाजपा छतरी में रहो। मत भूलो कि तुम भी एक अरब हो।' इस तरह भाजपा की 'नूपुर नीति' से एक ओर भाजपा के प्रति नाराजगी बढ़ी है, तो दूसरी ओर 'पैन इस्लामिज्म' की चुनौती वाली उसकी लाइन भी पुष्ट हुई है और इसने 'हिंदू दृढ़ीकरण' की जरूरत को नए सिरे से रेखांकित किया है। हमारा मानना है कि इस चुनौती की समक्षता में संघ/भाजपा और भी ताकतवर बनकर उभरनी है।

उक्त स्थिति यह भी बता रही है कि अगर 'ग्लोबल हिंदू फोबिया' से हिंदू को बचना/बचाना है, तो उसे संघ/भाजपा को न केवल बचाना है, बल्कि उसे और कट्टर बनाना है। इसीलिए हमने कहा कि 'दो कदम पीछे' वाली भाजपा की लाइन पर उसके निंदकों को बहुत खुश होने की जरूरत नहीं, क्योंकि इस तात्कालिक चोट से भाजपा कुछ और तीखी और ताकतवर बनकर उभरनी है। 'पैन इस्लामिज्म' की चुनौती का ऐन सामने होना, संघ और भाजपा को कमजोर करने की जगह और भी मजबूत बनाने वाला दिखता है। यही भाजपा की नई लाइफ लाइन है!

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# मोदी जी के नेतृत्व में वास्तविक बदलाव की ओर अग्रसर भारत – मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : 2014 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व विजय और नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण के साथ ही भारत तमाम समस्याओं और चुनौतियां के बाद भी तेजी से बदलाव की ओर अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कार्य शैली और आम जन से जुड़ने की कला ने देशवासियों का दिल जीतने में अद्भुत सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक संबोधन में देश की हर छोटी बड़ी सफलता का श्रेय 130 करोड़ भारतीयों को देते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश और समाज जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां विकास की गति को बल न मिल रहा हो। कोरोना काल खंड हो या फिर यूक्रेन संकट या फिर अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी पर हर जगह भारत की विदेश नीति की कुशल छाप दुनिया में देखी जा रही है। आज दुनिया में भारत की पहचान मांगने वालों में नहीं अपितु देने वालों में बन रही है। प्रधानमंत्री व उनकी सरकार का हर छोटा से छोटा निर्णय देश के गरीबों, किसानो व युवाओं के लिए समर्पित रहा है। यह बात बिलकुल सही है कि मोदी सरकार में अब तक जितनी भी योजनाएं आयी है वह समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए ही बनी है। जब प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त के दिन लाल किले से स्वच्छता अभियान चलाने का फैसला लिया था उस समय देश के विरोधी दलों के सभी राजनेताओं ने उनका मजाक उड़ाया था लेकिन आज उनके स्च्छता अभियान का मतलूब पूरा भारत जान चुका है। प्रधान मंत्री का स्वछता अभियान का एक बहुत ही व्यापक नजरिया रहा है। स्च्छता अभियान के माध्यम से वह देश को दीमक की तरह चाट रही भ्रष्टाचार की बुराई का भी अंत कर रहे हैं और वह परिवारवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद व भाषावाद जैसी बुराईयों से भी लड़ाई लड रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की सरकार देशकी आंतरिक व वाहय सुरक्षा के प्रति सजग है और वह आतंक के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है। जिसका असर दिखलायी भी पड़ रहा है एक समय था जब देश में कहीं न कहीं आतंकी हमलों व धमाकों की खबर आ ही जाती थी लेकिन अब देश की विभिन्न अदालतों से आतंकियो कां उम्रकैद व फांसी की सजा देने से लेकर उनके एनकाउंटर की आवाज ही सुनायी दे रही है। रक्षा से लेकर अंतरिक्ष तक व खेलों की दुनिया में भी भारत का अदभुत विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज योग पूरी दुनिया में छा गया है और यह उन्हीं के प्रयासों का परिणाम रहा कि आज पूरा विष्व हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। कोरोना कालखंड में योग व अध्यात्म की दाप पूरी दुनिया में दिखलायी पड़ी। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महिलाओं के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है । स्वच्छता अभियान से लेकर हर घर शौचालय और उज्ज्वला योजना के कारण नारी सशक्तीकरण का एक नया दौर प्रारंभ हुआ है जिसका असर प्रत्यक्ष देखा जा रहा है। यह उन्हीं के प्रयासों का प्रतिफल रहा कि आज देश की मुस्लिम महिलाएं तीन तलाक की कुप्रथा से आजाद हुई हैं । प्रधानमंत्री मोदी के 8 साल के कार्यकाल की समीक्षा करें तो स्पष्ट हो जाता है कि उनकी सरकार द्वारा उठाया गया हर कदम उनकी हर बात राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढाया गया एक कदम है । 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार,घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी लेकिन अब अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं।

आज जनता के बीच सरकार की ओर से चलाये जा रहे कल्याणकारी कदमों की चर्चा हो रही है । अब देश में चर्चा हो रही है कि 6 लाख गांव खुले में शौच से मुक्त हो चुके हैं। 2.6 करोड़ घरों को बिजली कनेक्षन मिल चुका है। हर घर को नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है जिसके अतंर्गत अब तक 9.5 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल पहुंच चुका है। देश के इतिहास में पहली बार 45 करोड़ से अधिक लोगो के बैंक में जन धन खाते खोले जा चुके हैं जिनके माध्यम से गरीब परिवार सरकार की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ उठा पा रहे हैं। जन धन खातों के माध्यम से लोगों को कई प्रकार की सहायता मिल रही है और जिसके कारण भ्रष्टाचार भी कम हुआ है। अब गरीबो को सौ फीसदी लाभ हो रहा है। मुद्रा योजना से 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं जबकि 35 करोड़ से अधिक लोगों को मुद्रा लोन मिल चुका है। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारतीय की संस्कृति रक्षण और संवर्धन के लिए ऐतिहासिक प्रयास किये जा रहे हैं जिसमें माननीय न्यायपालिका के आदेश के बाद अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण, भव्य और दिव्य काशी हो, महाभारत सर्किट, रामायण सर्किट काविकास किया जा रहा है। केदारनाथ धाम और गुजरात के



सोमनाथ मंदिर का भी भव्य विकास किया जा रहा है। भारतीय कलाकृतियाँ विदेशों से ढूंढ ढूंढ कर वापस लायी जा रही है, इसी क्रम में बीते वर्ष माँ अन्नपूर्णा वापस काशी पधारीं । गुजरात में सरदार वल्लभ भाई पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा से सरदार पटेल को ही सम्मान मिला अपितु इसके माध्यम से पूरे भारत में सरदार पटेल के विचारों को स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है और उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत का जो सपना संजोया था उसेपूरा करने का प्रयास मोदी सरकार द्वारा किया जा रहा है। डॉ. अम्बेडकर से जुड़े पांच तीर्थस्थलों को विकसित करने का काम भी मोदी सरकार द्वारा किया गया। संविधान दिवस, सामाजिक समसरसता दिवस , राष्ट्रीय एकता दिवस, जनजतीय गौरव दिवस भी मोदी सरकार ने ही तय किये हैं। दिल्ली में राष्ट्रीय रक्षा स्मारक और प्रधानमंत्री संग्रहालय जैसी महत्वपूर्ण धरोहरों का विकास हो रहा है । प्रधानमंत्री की नीतियों से आज भारत का समग्र विकास हो रहा है। कोरोना महामारी के कालखंड के बावजूद आज पूरी दुनिया भारत में निवेश के लिए आकर्षित हो रही है जिसका परिणाम यह हे कि आज भारत के पास अब तक का उच्चतम विदेशी निवेश है। आज भारत लोकल से ग्लोबल बनने की ओर अग्रसर है । दुनिया भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता को पहचान रही है। कुछ दल महात्मा गांधी के नाम पर विकृत राजनीति करते रहे लेकिन उनके विचारों को भूले रहे आज मोदी जी के नेतृत्व में गांधी जी की खादी की लोकप्रियता रिकार्ड तोड़ रही है । जिस पूर्वोत्तर भारत को पिछली सरकारो ने अनाथ छोड़ दिया था और वहां सरकार के नाम पर केवल विधायकों की खरीद फरोख्त हुआ करती थीं उन राज्यों में आज शांति और राजनीतिक स्थिरता का दौर शुरू हो चुका है। यही कारण है कि आज पूर्वात्तर के राज्यों में कोई भी कांग्रेस के साथन नहीं जाना चाहता है। कोरोना कालखंड से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने भारत को जीवन के हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो अभियान प्रारंभ किया उसकी महत्ता भी अब लोगों को अब समझ में आने लगी है कि अपने पैरों पर खड़ा होना कितना अधिक जरूरी है। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि हर युवा के हाथों में स्मार्ट फोन हो और हर किसान के खेत में ड्रोन हो। कोरोना काल खंड में ही नयी ड्रोन नीति आयी और अभी हाल ही में नयी दिल्ली में ड्रोन महोत्सव का आयोजन भी किया गया। कोरोना काल खंड में ही नयी शिक्षा नीति प्रस्तुत की गयी जिसका देशभर में स्वागत किया गया । आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत भारत सरकार ने रक्षा क्षेत्र में कई ऐतिहासिक फैसले लिये है जिन पर अमल किया जा रहा है । रक्षा क्षेत्र में भारत मिसाइलों की दुनिया में आत्मनिर्भर बन चुका है और अब कई छोटे देश अपनी सुरक्षा के लिए भारत से ब्रहमोस जैसी मिसाइलां की खरीद का समझौता कर रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत ही 118 अर्जुन टैंकों का निर्माण चल रहा है। स्वास्थ्य व खेलों मे भी भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अभियान प्रगति पर है। भारत में सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। संचार के क्षेत्र में भी नयी क्रांति आ रही है । एक समय था जब भारत का युवा चीनी मोबाइल पर ही निर्भर था लेकिन अब वह दौर समाप्त हो चुका है। अब भारत में ही मोबाइल का निर्माण हो रहा है तथा जिसके कारण हजारो युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। एक समय था जब मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया में केवल टू जी जैसे घोटाले ही सुनाई देते थे लेकिन आज बदलाव की ओर अग्रसर भारत पूर्णत : स्वदेषी 5 –जी नेटवक लाने जा रहा है और जिसका सफल पीरक्षण किया जा चुका हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो यह संकेत भी दिया है कि हम बहुत जल्द ही 6 –जी तक पहुच जायेंगे। माना जा रहा है कि 5 जह नेटवर्क आ जाने के बाद विकास की गाथा ही बदल जायेगी। प्रधनमंत्री मोदी की लोकप्रियता भारत में ही नहीं विदेशों में भी देखी जा रही है वह जहां भी जाते हैं मोदी –मोदी के गगनभेदी नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया जाता है। पीएम मोदी दुनियाभर के देशों में जाकर भारतीय समुदाय के साथ मुलाकात करते हैं। यही कारण है कि आज दुनियाभर में रहने वाले बसे भारतीयों का स्वाभिमान जागा है और अब हर जगह से इंडिया– इंडिया की आवाज आ रही है। भारतीय विदेश नीति के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि जब कोई नता अपनी विदेश यात्रा में जाकर वहाँ बसे भारतीयों को भी संबोधित कर रहा है और उन्हें भारत में चल रही नयी विकास गाथा के बारे में बता रहा है। अभी हाल ही में पीएम मोदी ने जापान की यात्रा की थी जहां पर उन्होंने कहा था कि वह मक्खन पर लकीर नहीं खींचते बल्कि पत्थरकी लकीर खींचते हैं जिसकी काफी चर्चा हुई। 2014 के पहले एक समय था जब विदेश यात्रा पर जाने के लिए पासपोर्ट बनवाना एक दिवास्वप्न था लेकिन अब वह बहुत ही आसान हो गया है। अब विदेशों में भारतीय दूतावासों के दरवाजे हर भारतीय के लिए खोल दिये गये हैं। भारतीय पासपोर्ट की महत्ता बढ़ गयी है । भारतीय विदेश नीति राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चल रही है और भारत दो विपरीत ध्रुवों वाले देशों के साथ भी बराबरी के सम्बन्ध बना रहा है । वैक्सीन नीति, ग्रीन एनर्जी, रूस उक्रेन युद्ध जैसे मुद्दे भारत की दूरदर्शी विदेशनीति के प्रमाण हैं । आज देश की जनता को नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है, उनके हाथों में ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं , गरीब सशक्त हो रहा है ,नारी सशक्त हो रही है। बुजुर्गों को उनका सम्मान मिल रहा है। युवाओं को मनचाहा भविष्य बनाने की ताकत मिल रही है, भ्रष्टाचारियों, आतंकवादियों व उनके संरक्षणदाताओं में भय व्याप्त है। प्रधानमंत्री मोदी ने देशकी राजनीतिक संस्कृति को ही बदल दिया है। आज देश में योजनाओं की केवल घोषणा ही नहीं होती अपितु उनका समयबद्ध क्रियान्वयन भी हो रहा है।

# केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान के चेयरमैन बनने पर गोपाल राय का हुआ भव्य स्वागत

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ। केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान के नेशनल चेयरमैन बनने के बाद श्री गोपाल राय का दिल्ली से प्रथम बार लखनऊ आगमन जोरदार स्वागत हुआ। कार्यालय उदघाटन के पश्चात श्री राय ने कहा कि एक माह में भारत के सभी राज्यों व जनपदों में संस्थान की इकाई गठित की जाएगी। इसके लिए योग्य व्यक्तियों का चयन किया जाएगा जो समाज के अक्षम पीड़ित व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की संस्थान द्वारा मदद कर सकेंगे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान सम्पूर्ण भारत के सभी प्रदेशों में स्टेट एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन का गठन एक माह के अंदर कर समाज के कमजोर,आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों जो समस्याओं से संबंधित विभागों एवं अदालतों तक नहीं पहुंच पाते हैं और अपना हक हुकूक हासिल न होने से भाग्य को दोषी मानकर समस्या से पीड़ित रहते हैं उनको न्याय दिलाने के लिए यह संस्थान निस्वार्थ भाव से कार्य करेगी। इन सुविधाओं को प्रभावी बनाने के लिए संस्थान उचित लोगों का चयन करेगी जो स्वेच्छा से समाज में आमूल – चूल परिवर्तन के प्रणेता के रूप में कार्य करने को तैयार हैं। विधिक कार्यवाही हो या मानवाधिकार मूल्य हो,सामाजिक समरसता के लिए संस्थान की तरफ से निशुल्क एडवोकेट नियुक्त किए जाएंगे जिनका खर्च संस्थान एवं पदाधिकारी उठाएंगे। संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है कि भारत को समृद्ध व मजबूत बनाने की अवधारणा, भ्रष्टाचार मुक्त उन्नत समाज की परिकल्पना, समाज में आर्थिक रूप से कमजोर दलित पिछड़े अल्पसंख्यक महिला एवं पुरुष ,जो पीड़ित हैं उनके अधिकारों को दिलाना। समाज को नई दिशा देने के लिए युवाओं को उचित मार्गदर्शन तथा रोजगार उन्मुख कार्यशाला का




आयोजन कर प्रेरित करना। रोजगार परक ट्रेनिंग देकर स्टार्टअप जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को आत्म निर्भर बनाने का कार्य संस्था करेगी। वर्तमान समय में आम आदमी को शिक्षा और चिकित्सा स्वास्थ्य की मूलभूत आवश्यकता है। उसकी उपयोगिता उपलब्ध कराने हेतु सुनिश्चित करना, समान नागरिक संहिता लागू करवाने का प्रयास प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सब का साथ, सबका विकास की सोच रखने वाले प्रधानमंत्री की नीतियों को जन तक पहुंचाने के लिए संस्थान वचनबद्ध है। भारत में आजादी के बाद भी किसान वर्ग सबसे ज्यादा उपेक्षित रहा है,उसके कल्याण के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं को सुनिश्चित करने के अलावा केवल कृषि पर निर्भर रहने वाले किसानों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का मजबूत प्रयास किया जाएगा। हर खांटी किसान परिवार के एक सदस्य को नौकरी तथा मेडिकल,इंजीनियरिंग इत्यादि कालेजों में पढ़ाई मुफ्त कराने की कोशिश संस्थान करेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आचार्य वीरेंदर मिश्र, सैय्यद हुसैन नकवी, आराधना गुप्ता, शबनम, नदीम खान, एस.डी त्यागी, मोहित यादव, धर्मेंद्र सैनी, बाकर नकवी, नीरज सिंह, उत्कर्ष सिंह आदि लोगों ने आपने विचार व्यक्त किये ।

# आयकर विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

मृत्युन्जय प्रताप सिंहःलखनऊ । थाना आशियाना अन्तर्गत स्मृति उपवन पार्क में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयकर विभाग लखनऊ द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया जिसमें संयोजक प्रधान मुख्य आयकर 57 राम तीरथ मार्ग लखनऊ मुख्य रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए दीप प्रज्ज्वलित के उपरान्त कलाकारों द्वारा गणेश वंदना कर के कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें पेड़ पौधों व चिड़ियों को बचाने के लिए रंगा रंग कार्यक्रम दिखा कर समाज को प्रेरित किया गया इसी क्रम में कृष्णा पब्लिक इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक लाल मणि यादव अपने स्टाफ व स्कूल के बच्चों को लेकर पहुँचे स्कूली बच्चों ने पर्यावरण को ले कर आम जनमानस व उपस्थित जनों को जागरूक भी किया जी जी आई सी स्कूल के बच्चों ने भी पर्यावरण को लेकर चार्ट पेपर व बैनर के माध्यम से जबर्ददत सन्देश दिया । कृष्णा पब्लिक इण्टर कॉलेज प्रबन्धक लाल मणि यादव एवं डॉ आशीष कुमार प्रबंधन रमाबाई स्थल को पर्यावरण के हित मे सराहनीय कार्य हेतु पुष्प गुच्छ व मोमेन्टो दे कर प्रधान मुख्य आयुक्त द्वारा सम्मानित किया गया इसी क्रम में तमाम सम्भ्रान्त जनों को पर्यावरण हित मे किये गए कार्यो के लिये




आयकर विभाग द्वारा सम्मानित किया गया इसके बाद प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त ने पौधरोपण किया जिसके बाद उपस्थि सभी स्कूली बच्चों व स्टाफ ने पौधरोपण किया ।कृष्णा पब्लिक इण्टर कॉलेज के क्लास 4 के छात्र अखण्ड प्रताप सिंह ने चार्ट पेपर पर पर्यावरण को ले कर बनाया चित्र जिसकी प्रशंसा वहाँ उपस्थित सभी ने की ,स्कूल प्रबन्धक द्वारा बच्चे को तोहफा दे कर सम्मानित भी किया गया भेंट स्वरूप तोहफे में तुलसी का पेड़ दिया गया ।

# केजीएमयू लोहिया संस्थान में कोविड की निगेटिव रिपोर्ट हुई जरूरी : कोरोना के बढ़ते केस देखते हुए दिया गया निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में संक्रमण के मामले बढ़ने के साथ अब केजीएमयू और लोहिया संस्थान में भर्ती होने के लिए कोविड–19 की निगेटिव रिपोर्ट फिर से अनिवार्य की जा रही है। फिलहाल यह सख्ती सर्दी–जुकाम और बुखार जैसे लक्षण वालों और ऑपरेशन के लिए भर्ती होने वाले मरीजों के लिए ही है। दोनों ही संस्थानों में मरीजों की भर्ती इमरजेंसी और ओपीडी से की जाती है। जैसे–जैसे कोरोना के केस बढ़ रहे हैं, सख्ती भी बढ़ती जा रही है। केजीएमयू और लोहिया संस्थान में इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को तुरंत भर्ती करके इलाज किया जाता है। जिन मरीजों में कोविड के लक्षण होते हैं उन्हें भर्ती करने के बाद संक्रमण की जांच कराई जाती है। अब ओपीडी से भर्ती होने वाले मरीजों के मामले में पूरी तरह से यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। ऑपरेशन के लिए भर्ती होने वाले मरीजों पर यही व्यवस्था लागू है। बढ़ गई कोविड जांच के लिए भीड़ केस बढ़ने और भर्ती होने के लिए कोविड जांच की अनिवार्यता की वजह से संस्थानों में कोविड जांच के लिए भीड़ बढ़ती जा रही है। इससे मरीजों का इंतजार भी लंबा हो रहा है। मरीज को एक बार जांच कराने के लिए और फिर रिपोर्ट लेने के लिए लाइन लगानी होती है। अब मरीज ओपीडी के बाद सीधे भर्ती नहीं हो पा रहे हैं। पहले उनको कोविड जांच करानी पड़ती है। इसके अगले दिन रिपोर्ट आने के बाद ही मरीज भर्ती हो पा रहे हैं। इधर, 36 और आए संक्रमण की चपेट में राजधानी में कोरोना के केस बढ़ते जा रहे हैं। बृहस्पतिवार को 36 नए मरीज




मिले। सभी मरीज बिना लक्षण वाले हैं, जिन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। वहीं, 40 मरीजों ने वायरस को मात देने में कामयाबी पाई है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि मरीजों के संपर्क में आने वालों की जांच कराई जा रही है। वहीं, संक्रमण बढ़ रहा है, इसलिए लोगों को सजग रहने की जरूरत है। सर्दी–जुकाम, बुखार व गले में खराश जैसे लक्षण नजर आने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। हालत गंभीर होने पर कोरोना जांच भी कराएं।

# ट्रक की चपेट में आए वृद्ध की दर्दनाक मौत

अयोध्या ।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता( जिले के रौनाही थाना क्षेत्र के लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 28 रोड क्रॉस कर रहे एक वृद्ध को गैस से लदी ट्रक की चपेट में आ गया जिससे उसकी नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई ।इस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई ।सूत्र के मुताबिक देर शाम बरई खुर्द गांव निवासी लल्लू सिंह 62 वर्ष पुत्र सहदेव सिंह गांव से पश्चिम गिट्टी मोरंग की दुकान पर दक्षिण पटरी से उतर पटरी की ओर खाने की टिफिन देने जा रहे थे इसी बीच लखनऊ से अयोध्या की ओर जा रही अनियंत्रित गैस की ट्रक ने रौंद दिया जिससे उनकी साइकिल और वे गाड़ी में फस गए और रगड़ते हुए कुछ दूर चले गए जिससे गंभीर रूप से घायल होकर दर्दनाक मौत हो गई ।इस मौके पर ग्रामीण के,डी,मिश्रा, रजय सिंह,ने बताया बुधवार शाम लगभग 8:00 बजे गिट्टी मौरग की दुकान पर खाना लेकर गए थे इसी बीच हादसा हुआ जिन्हें जिला चिकित्सालय इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई ।वही चौकी प्रभारी सतीचौरा डी,एन, राय ने बताया हादसा कर ट्रक चालक मौके से फरार हो गया गाड़ी को कब्जे में लेकर, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# जिलाधिकारी जौनपुर द्वारा अवैध शराब के व्यापार को समाप्त करने के लिए की गयी अन्तर विभागीय बैठक

जौनपुर सू.वि. : आबकारी आयुक्त, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री तथा तस्करी पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने के दृष्टिगत 08 जून 2022 को हुई वर्चुवल मीटिंग में दिये गये निर्देश के क्रम में 10 जून 2022 को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आबकारी, जी0एस0टी0, परिवहन, यू0पी0एस0आर0टी0सी0 एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली गयी। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवैध शराब के व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त रूप से कार्यवाही किये जाने हेतु कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किराना, फल एवं दुग्ध वाहनों से अवैध मदिरा के परिवहन के केस पूर्व में पकड़े गये है इसलिए ऐसे संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाये। राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों पर स्थित संदिग्ध ढ़ाबों, जहां अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है और चालकों द्वारा अल्कोहल के चोरी छिपे बेचे जाने की सम्भावना रहती है, उनकी सघन एवं आकस्मिक जांच करायी जाय। अवैध शराब की दृष्टि से संदिग्ध स्थलों एवं व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखते हुए गोपनीय ढ़ग से इन व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए अवैध मद्य निष्कर्षण एवं मदिरा निर्माण एवं बिक्री के संदिग्ध अड्डों पर छापेमारी की कार्यवाही की जाये तथा अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की गतिविधियों में पकड़े गये अपराधियों के विरूद्व आबकारी अधिनियम के साथ–साथ आई.पी.सी. की सुसंगत धाराओं में कड़ी कार्यवाही की जाय।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विगत वर्षो में अवैध मदिरा के पकड़े गये अभियोगों में भारी मात्रा में नकली ढक्कन, रैपर, नकली क्यू0आर0कोड एवं स्पिट आदि की बरामदगी की गयी है, इस संबंध में आसवनियों को उपरोक्त सामग्री की आपूर्ति किये जाने वाले



आर्पूतकों/ट्रान्सपोर्टरों पर कड़ी निगरानी रखी जाय। पेन्ट, थिनर, वार्निश तथा मेडिकल स्टोर की दुकानों पर सतर्क निगरानी रखी जाय। यदि कही पर भी इन दुकानों से बिकने वाले पदार्थो में कोई नशीला पदार्थ पाया जाता है तो उसके विरूद्व कड़ी कार्यवाही की जाय। अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री के कई प्रकरण बन्द पड़ी फैक्ट्रियों में पकड़े गये है, अतएव जनपद में औद्योगिक क्षेत्रों सहित सभी जगहों पर ऐसी बन्द पड़ी फैक्ट्रियों को चिन्हित कर उन पर सतत् सतर्क दृष्टि रखी जाय। अल्कोहलयुक्त औषधियों एवं टिंचर का शराब के रूप में दुरूपयोग को रोकने के लिये ड्रग विभाग के सहयोग से ऐसे दुकानों का निरीक्षण कर नमूनें आहरित किये जाय और जांच में नमूनों के सब–स्टैण्डर्ड पाये जाने पर संबंधित दुकान का अनुज्ञापन निरस्त करने की कार्यवाही ड्रग विभाग से करायी जाय। जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों एवं संदिग्ध मार्गों पर विशेष सतर्कता बरती जाय, जिससे कि किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न होने पाए। इसके अतिरिक्त प्रवर्तन अभियान में जनपद जौनपुर में यदि किसी व्यक्ति/फर्म/होटल/रेस्टोरेन्ट/मैरेज हाल द्वारा बिना अनुमति मदिरा का उपभोग करना/परोसना पाया गया तो संबंधित व्यक्ति/फर्म/होटल/रेस्टोरेन्ट/मैरेज हाल के विरूद्व कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस लिए किसी कार्यवाही से बचने के लिए यदि किसी व्यक्ति/फर्म/होटल/रेस्टोरेन्ट/मैरेज हाल को किसी समारोह/कार्यक्रम में मदिरा का उपभोग आवश्यक हो तो उसके लिए निर्धारित फीस जमा कर अकेजनल बार लाइसेंस प्राप्त करने के पश्चात मदिरा का उपभोग किया जा सकता है। उक्त के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जौनपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री जी को प्रदेश के कर्मचारियों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए : इप्सेफ

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की मांगों पर पूर्व मुख्य सचिव श्री आर के तिवारी जी की अध्यक्षता में 8 दिसंबर 2021 को बड़ी बैठक हुई थी । जिसमें सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव /प्रमुख सचिव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक श्री देवेश चतुर्वेदी अपर मुख्य सचिव ,नियुक्ति एवं कार्मिक द्वारा आहूत की गई थी। बैठक में मुख्य सचिव ने निर्देश दिया था कि वेतन समिति की बैठक तत्काल कर विसंगतियों को दूर किया जाए तथा अन्य मांगों पर माह दिसंबर में निर्णय किया जाए। खेद का विषय है कि कैशलेस इलाज की सुविधा के आदेश के अलावा सभी मांगे अभी लंबित है। कैशलेस इलाज के नियमावली एवं आदेश तो जारी हो गया परंतु फोटो सहित परिचय पत्र जारी नहीं किया गया जिससे यह सुविधा नहीं मिल रही परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि सभी संवेगों के कर्मचारियों की समस्याये लंबित हैं। सिंचाई विभाग की सेवा नियमावली वित्त विभाग के अणंगेबाजी के कारण जारी नहीं हो पाई है। कर्मचारियों की समस्याओं पर निर्धारित तिथि पर समाधान ना होने से कर्मचारियों मैं कुंठा की भावना पैदा होती है। स्वास्थ्य विभाग के पैरामेडिकल स्टाफ व नर्सेज ने कोविड–19 काल में जान पर खेलकर अपनी सेवाएं दी हैं। परंतु उनके भी वेतन विसंगतियां एवं सेवा नियमावलीयां ,पदोन्नति ,बंकमत रीस्ट्रक्चरिंग लम्बित हैं। मुख्य सचिव द्वारा सभी अपर मुख्य प्रमुख /प्रमुख सचिव /विभागाध्यक्ष को संगठनों के साथ वार्ता हेतु पत्र जारी किया गया था परन्तु किसी भी अधिकारी द्वारा न संज्ञान लिया गया न ही बैठक की गई अपितु भेंट हेतु समय भी नही दिया जारहा जिससे विभागीय समस्या भी लम्बित है और कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त होना स्वाभाविक है । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुरेश रावत एवं महामंत्री अतुल मिश्रा ने भी बताया कि प्रदेश के कर्मचारी दुखी एवं आक्रोशित हैं। द्वय नेताओ ने वर्तमान मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र से कर्मचारियों की पीड़ा बताई थी। उन्होंने कहा था कि विधानसभा चुनाव बाद बैठक करके सभी मांगों को सार्थक निर्णय कराएंगे। पुनः आग्रह है कि इस माह में परिषद के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके पूर्व की बैठक के निर्णय का क्रियान्वयन कराएं शासन एवं कर्मचारियों के बीच सद्भाव का वातावरण बना रहे।

# तालगांव पुलिस कोतवाल टीम की जबरदस्त गश्त जारी : कानपुर मामले को लेकर लहरपुर पुलिस अलर्ट

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर : कानपुर में हुई हिंसा के मद्देनजर एवं कल जुमे की नमाज को लेकर तालगांव पुलिस प्रशासन व तहसील प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट दिखाई दे रहा है। तालगांव पुलिस कोतवाल संतोष कुमार का कहना है कि कोई परिंदा पर नहीं मार सकता है। शासन व प्रशासन के दिए गए निर्देशों का अनुपालन करना हमारी प्राथमिकता है जिस को ध्यान में रखते हुए तालगांव पुलिस की ताबड़तोड़ गश्त जारी है। और कोई भी घटना घटित होने की आशंका नजर नही आ रही है। तालगांव पुलिस कोतवाल संतोष कुमार ने सख्त हिदायत दी है यदि कोई भी अराजक तत्व शांति के माहौल को बिगाड़ने या अपराध करने का प्रयत्न करेगा उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी। और



उसकी जगह सीधे सलाखों के पीछे होगी। पुलिस कोतवाल तालगांव ने कहा कि तालगांव कोतवाली क्षेत्र में अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

# उप निबंधक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार बगैर रिश्वत नहीं होते कार्य

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर : लहरपुर सीतापुर तहसील लहरपुर में उप निबंधक विनोद कुमार सिंह के द्वारा व्यापक भ्रष्टाचार जानबूझकर कराया जा रहा है इस कार्यालय में एक रजिस्टार एक बाबू सुरेश कुमार एक कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण कुमार इसके अतिरिक्त तीन दलाल मोतीलाल सुनील कुमार एवं अनूप कुमार जो संपूर्ण कार्यालय को संभालते हैं इनकी कमाई प्रतिदिन इतनी है कि यह डिजायर कार से आकर लहरपुर में दलाली करते हैं बे नामै में सरकारी फीस के बराबर रिश्वत ली जाती है फीस के पैसे सुरेश बाबू लेता है और रिश्वत के पैसे सुनील लेता है 100 प्रति फाइल कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा वसूली की जाती है इस प्रकार अधिकारियों की आंख के नीचे ऐसी दलाली का कार्य जोर–शोर पर चल रहा है कोई पूछने वाला नहीं है भ्रष्टाचार चरम सीमा पर यहां व्याप्त है जबकि भाजपा की योगी सरकार हर कार्यालय विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का संकल्प लेकर प्रयासरत है परंतु तैनात भ्रष्ट अधिकारियों




की वजह से दलाली रिश्वतखोरी फल फूल रही है ऐसी जानकारियां शिकायती प्रार्थना पत्र में शिकायत कर्ताओं के द्वारा बताई गई हैं लोगों का आरोप है कि रजिस्ट्री कराने में व्याप क घोटाला भ्रष्टाचार हो रहा है।

# दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ पुलिस का रूट मार्च

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : क्षेत्राधिकारी राजा राम चौधरी व बल्दीराय थाना अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई में मय पुलिस हमराही सिपाहियों के साथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गावों मे कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाये रखने लिए रूट मार्च किया गया। थाना बल्दीराय द्वारा



दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ बल्दीराय थाना क्षेत्र के पारा बाजार, वलीपुर, इसौली, अरवल बाजार, देहली बाजार आदि गांव का पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी राजा राम चौधरी व बल्दीराय पुलिस थाना प्रभारी अमरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने थाना क्षेत्रांतर्गत कल जुमे की नमाज के दृष्टिगत दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया तथा किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने हेतु पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर शासन द्वारा जारी आदेश से अवगत कराया गया एवं आपसी भाइचारे के साथ रहने हेतु अपील की गयी । साथ ही आम–जन को आश्वस्त कराया गया की जनपद सुलतानपुर पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कैलाश नगर व आस–पास के लोगों का घर से निकलना हुआ दुश्वार

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : पिछले कई वर्षों से नगर पालिका परिषद के द्वारा कैलाशनगर (निकट लालमनी हास्पिटल) स्थित शहर का कूडा डंप कर रहा है, और मौका मिलते ही उसमें आग लगाकर आस–पास के गाँव सौरमऊ, कैलाशनगर, नेकराही तथा बाइपास पर आने–जाने वाले लोगों को भारी परेशानी में डाल रहा है, बताते चले शहर के २५ वार्डों से



निकाले गए कूडा और कचरा लालमनी हास्पिटल स्थित एक छोटे से एरिया में डंप कर मौका पाते ही उसमें आग लगा दिया जाता है, जिसके चलते अस्पताल में भर्ती मरीजों, आस–पास के गाँव व बाइपास पर सफर करने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है, स्थानीय लोगों का कहना है की संक्रमित धुएँ के चलते बाहर निकलने की बात छोडिये घर में रहना मुश्किल हो गया है, एक मरीज के परिजन ने बताया की जबसे मेरा मरीज भर्ती है, तबसे कूड़े में लगी आग से उठने वाले धुंए से हमलोंग ही नही मरीजों को बहुत दिक्कत हो रही है, बाइपास पर सफर करने वालों की आंख में संक्रमित धुंए से पानी निकल रहा है, आंखे बंद, बंद हो जा रही है, इससे दुर्घटना की संभवना बढ़ गई है,ग्रामीणों का कहना है की नगर पालिका कर्मियों द्वारा मौका देखकर अक्सर कूड़े में आग लगा दी जाती है, जिसके चलते चार से पांच दिन रहना मुश्किल हो जाता है।

## सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला का आयोजन

जौनपुर सू.वि.: जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर (निकट नारायण नर्सिंग होम रासमण्डल होटल रिवर ब्यू के सामने) जौनपुर में हाईस्कूल,इण्टर, स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला का आयोजन दिनांक 13जून 2022 को प्रातः 10 बजे कार्यालय कैम्पस में किया गया है, जिसमें विभिन्न कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है, जो साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर भर्ती करेगी। रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्तशैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी पूफ सहित प्रतिभाग कर सकते,एवं वेब पोर्टल–www.sewayojan.up.nic.in के माध्यम से भी जनपद केबेरोजगार अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# जुमे की नमाज के बाद बवाल जमकर पथराव–नारेबाजी : लाठीचार्ज

सहारनपुर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और देवबंद में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की शान में की गई गुस्ताखी को लेकर मुस्लिम समाज में शुक्रवार को अचानक कड़ा रोष देखने को मिला है। सहारनपुर में नवाबगंज में जामा जामा में नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने नवाबगंज से



लेकर घंटाघर तक का जलूस निकालकर जमकर प्रदर्शन किया। घंटा घर पर प्रदर्शन के बाद लौटते समय दहशत में बाजार बंद होता चला गया। इस मामले को लेकर देवबंद में सैकड़ों युवक जुमे की नमाज के बाद अचानक सड़कों पर निकल कर नारे बाजी के साथ प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर के कई युवकों को हिरासत में ले लिया। आगे तस्वीरों में देखें कैसे नमाज खत्मम होते ही मुस्लिम समाज के लोगों ने सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन और नारेबाजी की।

# अमेठी जिले के निरीक्षक भूपेंद्र सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट : क्राइम ब्रांच में है तैनाती : कोर्ट ने अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का दिया आदेश

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : 14 वर्षीय किशोरी के गूंगी–बहरी होने का नजायज फायदा उठाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देकर उसे प्रेग्नेंट करने के आरोप से जुड़े मामले में कई पेशियों से साक्ष्य देने में लापरवाही बरतने वाले क्राइम ब्रांच–अमेठी में तैनात निरीक्षक के खिलाफ स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट की अदालत ने कड़ा रुख अपनाया है। स्पेशल जज पवन कुमार शर्मा ने निरीक्षक भूपेंद्र सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए उनके वेतन पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी है। अदालत ने पुलिस अधीक्षक अमेठी को निरीक्षक भूपेंद्र को 21 जून की तारीख के लिए सभी प्रभार से मुक्त करते हुए साक्ष्य के लिए पेश कराने का आदेश दिया है। मामला जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा है। जहां के रहने वाले आरोपी मोहन धुरिया के खिलाफ 14 वर्षीय पीड़िता किशोरी के पिता ने गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। आरोप के मुताबिक उसकी बेटी की तबियत काफी दिनों से खराब चल रही थी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया तो पता चला कि वह प्रेग्नेंट है। फिलहाल पीड़िता गूंगी–बहरी होने के कारण अपने साथ वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी का नाम बोलकर नहीं बता सकती थी, लेकिन परिजनों के जरिये पूंछने पर उसने लिख कर आरोपी की पहचान बताई और उसकी फोटो भी देखकर पुष्टि की। इस मामले में आरोपी मोहन धुरिया के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ और आरोप–पत्र भी दाखिल हुआ। मामले का विचारण स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट की अदालत में चल रहा है। मामले में बीते नौ मई को तत्कालीन जयसिंहपुर कोतवाल भूपेंद्र सिंह को साक्ष्य के लिए तलब किया गया था, जिन्होंने उस दिन अपना मुख्य बयान दर्ज कराया,लेकिन उनकी जिरह शेष रह गई थी। तब से करीब पांच पेशियों से वह लगातार गैरहाजिर चल रहे हैं, जबकि अदालत से उनके खिलाफ बीडब्ल्यू एवं एनबीडब्ल्यू की कार्रवाई भी जारी की गई। मिली जानकारी के मुताबिक भूपेंद्र सिंह मौजूदा समय में अमेठी जिले में क्राइम ब्रांच में निरीक्षक पद पर तैनात है, जिनकी इस लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पेशल जज पवन कुमार शर्मा ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर अग्रिम आदेश तक उनका वेतन रोकने का आदेश दिया है। वहीं पुलिस अधीक्षक को इस मुकदमे में 21 जून के लिए भूपेंद्र सिंह को गवाही के लिए पेश कराने का आदेश देते बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कोर्ट के इस कड़े रुख से पूर्व नगर कोतवाल भूपेंद्र सिंह की मुश्किलें बढ़ गई है।

# फिल्मकार राजेश मित्तल ने पुण्यतिथि के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन और दी श्रद्धांजलि

मुम्बई फिल्म पत्रकार काली दास पाण्डेय : झारखंड के वीर सपूत देश के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 122वीं शहादत दिवस के मौके पर प्रत्येक वर्ष की भांति 9 जून 2022 को भी रणजीत स्टूडियो दादर (मुम्बई) स्थित आर एन फिल्म्स के कार्यालय में झारखंड की धरती से जुड़े फिल्मकार राजेश मित्तल ने अपने प्रोडक्शन हाउस के सभी सहकर्मियों के साथ बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना व माल्यार्पण किया एवं श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस मौके पर फिल्मकार राजेश मित्तल ने अमर शहीद क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की समाज के उत्थान के लिए उनके संघर्षपूर्ण जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आजीवन देश के आजादी के लिए एवं आदिवासी समुदाय के लोगों के उत्थान के लिए लड़ते रहे। सर्वव्यापी महामारी कोरोना की वजह से उत्पन्न हालात में बिरसा मुंडा द्वारा बताए गए संदेशों को आत्मसात कर विपरीत परिस्थितियों को भी हम अपने अनुकूल बना सकते हैं। विदित हो कि 80 के दशक से बॉलीवुड में क्रियाशील राजेश मित्तल अब तक 45 हिंदी फीचर फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। क्रन्तिकारी बिरसा मुंडा



के जीवन गाथा पर भी एक बायोपिक फिल्म–'बिरसा–द ब्लैक आयरन मैन' और ऐतिहासिक फिल्म–'झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई' राजेश मित्तल बना चुके हैं। बायोपिक फिल्म 'बिरसा–द ब्लैक आयरन मैन' 2004 में प्रदर्शित हुई थी। बॉलीवुड में राजेश मित्तल को छोटे बजट की फिल्मों का स्टार फिल्म मेकर माना जाता है। फिल्म निर्माण के साथ साथ अब राजेश मित्तल फिल्म वितरण व्यवसाय से भी जुड़ गए हैं और अपनी प्रतिभा के बदौलत बॉलीवुड में झारखण्ड का नाम रौशन कर रहे हैं।

# सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान इण्टर कालेज अल्लीपुर हरदोई के छात्र अंतरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप में जीते 9 पदक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। शूटिंग में चैम्स अकैडमी विभूति खंड लखनऊ के 6 कुशल निशानेबाज भारतीय निशानेबाजी टीम के चार खिलाड़ियों ने 3 से 6 जून 2022 तक जेक बेल्जियम में हुई अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में 9 पदक हासिल किये। जिनमें 7 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य शामिल है। शूटिंग चैम्स अकैडमी विभूति खंड लखनऊ के 6 निशानेबाजों ने आईआरएस अंतरराष्ट्रीय कप 2022 में भाग लिया। टीम में 2 राइफल निशानेबाज और 4 पिस्टल निशानेबाज शामिल थे। 10 मीटर एयर राइफल प्रतिस्पर्धा के मो. अनस खान , दीक्षांशु शील ६ रैंक से देश का प्रतिनिधित्व किया। 10 मीटर एयर पिस्टल शरदुल विक्रम सिंह सीनियर मेन अवम सीनियर महिला वर्ग में क्षमा जलान व सीनियर पुरुष वर्ग में मानवेंद्र प्रसाद ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स प्रतिस्पर्धा में गोल्ड जीता। जूनियर वर्ग में मो. अनस खान ने 10 मीटर एयर पिस्टल में 3 गोल्ड जीते। अनुश्री जलान ने महिला जूनियर वर्ग में 10 मीटर एयर पिस्टल में 3 गोल्ड जीते। वहीं मो. अनस खान ने चैम्पियन ऑफ चैम्पियन प्रतिस्पर्धा के तहत 10 मीटर



एयर राइफल में 1 सिल्वर व कैश प्राइज जीता। इसी प्रतिस्पर्धा में अनुश्री जलान ने 10 मीटर एयर पिस्टल में एक कांस्य पदक व कैश प्राइज जीता। मानवेंद्र प्रसाद और मो.अनस खान ने 2020 में हुए गुंडसोलिल मेगालिंक ओपन डेनमार्क चैंपियनशिप में भी व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था।

## आऊत बाबा मन्दिर में हुआ जागरण : हवन कीर्तन और भंडारे का आयोजन

बागपत पत्रकार विवेक जैन। बागपत के हजारों वर्ष प्राचीन आऊत बाबा खेड़का मन्दिर में दो दिनों से चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों का आज विधि–विधान के साथ समापन हो गया। हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी जेठ के दशहरे के शुभ अवसर पर मन्दिर प्रांगण में माँ भगवती के भव्य व विशाल जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कृष्णपाल मलिक सहित राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक आदि क्षेत्रों से जुड़ी जानी–मानी हस्तियों ने शिरकत की और धर्म लाभ उठाया। सिसाना–बाघू स्थित इस हजारों वर्ष प्राचीन मन्दिर में जागरण के उपरान्त हवन व कीर्तन आयोजन किया गया और विशाल भंड़ारा लगाया गया। सुबह से शाम तक चले भण्ड़ारे में दूर–दराज क्षेत्रों से आये हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भयंकर गर्मी के मध्यनजर श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने के लिए ठंडे पानी के साथ–साथ गन्ने के रस की प्याऊ लगायी गयी थी। मन्दिर के गुरूजी बिजेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि आऊत बाबा का यह मन्दिर अत्यन्त प्राचीन और प्रसिद्ध मन्दिरों में शुमार है। हर वर्ष देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुगण बाबा के दरबार में आते है। बताया कि मंदिर में वर्षभर धार्मिक कार्यक्रम चलते रहते है। दीपावली और जेठ के दशहरे की यहाँ पर विशेष मान्यता है और इस समय यहाँ पर श्रद्धालुओं की



भारी–भीड़ उमड़ती है। बताया कि मन्दिर को वर्तमान रूप देने में जौहरी व मिहीलाल के परिवारजनों सहित समस्त सहयोगकर्त्ताओं का वे हार्दिक आभार व्यक्त करते है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कृष्णपाल मलिक, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता विपुल जैन बागपत, मंदिर को वर्तमान स्वरूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले मिहीलाल के पौते और बूटा सिंह के पुत्र मदनलाल चंडीगढ़, संदीप चौहान, बबलू पंडित, फिरोज, विक्की, अनिल, गंगाराम सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ भूजल जन जागरूकता कार्यक्रम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जल बहुमूल्य है इसका दुरुपयोग ना करें।भविष्य के लिए इसे संरक्षित करें। यदि जल का दुरुपयोग ना रुका तो आने वाले समय में धरती पर जीवन संकट में पड़ सकता है।उक्त बाते आज विकासखंड बीकापुर सभागार मे लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित भूजल जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत भूजल गोष्ठी को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा ने कहीं।भूजल गोष्ठी को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख श्री वर्मा ने बताया कि धरती में जल तेजी से कम हो रहा है। मानव की नासमझी से धरती में ऊपरी सतह का जल काफी दूषित भी हो चुका है । हम आप अभी समझ नहीं पा रहे हैं भविष्य के लिए जल बचाएं अन्यथा धरती पर जीवन संकट में पड़ जाएगा। आइए हम आज से अभी से जल बचाने का संकल्प लें।विकास खंड सभागार में आयोजित भूजल गोष्ठी को संबोधित करती हुई भूगर्भ जल विभाग की हाइड्रोलॉजिस्ट सपना सिंह एवं लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता अजय गौतम ने गोष्ठी में उपस्थित जनसमूह को बहुमूल्य जल बचाने के कुछ महत्वपूर्ण सुझावो जैसे आवासीय कालोनियों में रूफटॉप रेन वाटर सिस्टम लगाकर वर्षा जल को धरती में संरक्षित करने, नल व टोटी



के लीकेज को अनदेखी न करने। कार आदि धोने के लिए पाइप का प्रयोग न करने बाल्टी का प्रयोग करने। ब्रश करते समय टोटी को खुला मत छोड़ने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला।इस गोष्टी को मुख्य रूप से सहायक विकास अधिकारी अवनीश शुक्ला, बद्रीनाथ पांडे, अजय तिवारी, राजेश चौधरी, अभिमन्यु , अवधेश प्रताप सिंह, विजय कुमार, दीक्षा गुप्ता, राजकमल लोधी ,शुभम शुक्ला, अंजू वर्मा, सृष्टि सिंह, प्रतिभा, सुरेश कुमार ने संबोधित किया।

# बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग की परीक्षा में मेनका ने सफलता हासिल कर किया जिले का नाम रोशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आज वर्तमान समय में लड़कियां लड़को से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।वे हर क्षेत्र में समाज में लड़को से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।जिसका उदाहरण अयोध्या जिले की बीकापुर क्षेत्र की अवधी का पुरवा कटारी गांव की निवासी मेनका पाण्डेय है।सूत्र के मुताबिक जिले के तहसील बीकापुर क्षेत्र के अवधी का पुरवा कटारी गांव निवासी करीब 26 वर्षीय मेनका पांडेय पुत्री सदाबृज पांडेय को बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता मिली है।21 जून 2021 को घोषित किए गए रिजल्ट में उनका चयन पुलिस अवर निरीक्षक सब इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है। परीक्षा में सफलता मिलने पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।इस संबंध में मेनका पांडेय के भाई दुर्गेश पांडे ने बताया कि उनकी बहन मेनका पांडेय ने हाई स्कूल की परीक्षा डीआर एकेडमी बीकापुर, इंटर की परीक्षा ग्राम विद्यालय इंटर कॉलेज कोदयला तथा बीएससी की परीक्षा डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से पास किया है। पिछले वर्ष अक्टूबर 2020 में मोनिका का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में महिला आरक्षी के पद पर



हुआ है।वर्तमान में वह प्रयागराज में तैनात हैं।मेनका पांडेय ने देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चौनल के माध्यम से बताया कि उन्हें यह सफलता का श्रेय अपने बाबा वीरेंद्र कुमार पांडेय, पिता सदाबृज पांडेय, माता लालती पांडेय को दिया है। जिनके मार्गदर्शन प्रेरणा और उत्साहवर्धन से उन्हें परीक्षा में सफलता मिली है। बताया कि आगे वह सिविल परीक्षा की तैयारी कर रही हैं।

# रेलवे लाइन पर एक अज्ञात युवती की शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के बीकापुर कोतवाली अंतर्गत चांदपुर गांव के सामने अयोध्या प्रयागराज रेलवे लाइन पर एक युवती का शुक्रवार सुबह ट्रेन से कटा शव मिलने से क्षेत्र में हडकंप मच गई।सूत्र के मुताबिक मृतक युवती सलवार सूट पहने हुए है।सुबह नित्य क्रिया के लिए निकले ग्रामीणों द्वारा युवती का शव गया देखा गया।जिसके चलते नगर पंचायत निवासी पत्रकार केएस मिश्रा द्वारा इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।वही इसकी सूचना पाने ही बीकापुर कोतवाली पुलिस के अलावा रेलवे पुलिस भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है।वही लोगों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि सुबह अयोध्या से प्रयागराज जाने वाली सरयू एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवती की मौत हुई है। फिलहाल शव की शिनाख्त मृतका की प्रियांका चौरसिया पत्नी विकास चौरसिया निवासी नियाई थाना कोतवाली बीकापुर अयोध्या के रूप में हुई।

## अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में कांग्रेस कमेटी ने अधिशासी अधिकारी अभियंता को दिया ज्ञापन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अयोध्या महानगर में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी ने अधिशासी अधिकारी अभियंता को ज्ञापन देकर अपना विरोध जताया।इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा लो वोल्टेज और अघोषित विद्युत कटौती से जनता त्राहि–त्राहि कर रही पर अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने यह वादा किया था की अयोध्या जिला विद्युत कटौती से मुक्त होगा पर उनका यह दावा पूरी तरह हवा हवाई साबित हुआ। कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहां यदि फैजाबाद महानगर को अघोषित विद्युत कटौती से मुक्ति नहीं मिलती तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से प्रशासनिक उपाध्यक्ष उमेश उपाध्याय अशोक कुमार राय देव कुमार वर्मा रविकांत पाल रामेंद्र त्रिपाठी आदि रहे।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट का प्रतिनिधिमंडल जिला विद्यालय निरीक्षक से मिला

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट का प्रतिनिधिमंडल जिला विद्यालय निरीक्षक अयोध्या से मिला जिसमें मई माह का वेतन प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग प्रमुख थी संघ की मांग थी कि सभी तदर्थ शिक्षकों का वेतन साथ में निकाला जाए किसी भी तदर्थ शिक्षक साथी का वेतन अवरुद्ध ना किया जाए वार्ता में जिला विद्यालय निरीक्षक ने आश्वस्त किया कि उच्च अधिकारियों से वार्ता के बाद सोमवार को वेतन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी वार्ता के दौरान ब्लाक प्रमुख रुदौली श्री सर्वजीत सिंह भाजपा नेता श्री मुन्ना सिंह जी जिला मंत्री आलोक तिवारी महानगर अध्यक्ष अनूप पांडे वरिष्ठ सदस्य विनोद मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रताप मिश्र राम कुमार शुक्ला राकेश पांडे सुशील शुक्ला मनोज सिंह धर्मेंद्र मिश्र राधेश्याम वर्मा शिक्षक साथी उपस्थित थे।

# 12 जून तक नहीं मिलेगी गर्मी से राहत : मौसम विभाग ने जारी किया हीट वेव का अलर्ट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पूर्वी उत्तर प्रदेश में 12 जून को प्रचंड गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है।इस दौरान दिन का तापमान भी 42°C से 44°C तक बना हुआ है।मौसम विभाग के मुताबिक 12 जून के बाद हवाओं रूख में परिवर्तन होने के बाद हवाओं नमी आने के अनुमान है।इसके बाद ही गर्मी से लोगों को निजात मिलने के आसार हैं, हालांकि उमस भरी गर्मी का प्रकोप आगामी कुछ और दिनों तक जारी रहेगा। मौसम विभाग ने अगले दिन तक हीट वेव का अलर्ट जारी किया है।वही आसमान से बरस रही है आग, लू के थपेड़ों से लोग परेशान रहेंगे। इस दौरान गर्मी और प्रचंड रूप में रहेगी। इसलिए दोपहर में बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है।पूर्वी उत्तर प्रदेश के अयोध्या, गोंडा, प्रतापगढ़, अमेठी सुल्तानपुर समेत कई जिले में बीते 2 सप्ताह से गर्मी प्रचंड प्रकोप जारी है। हालात यह हो गए हैं कि दिन में आसमान से ऐसा लगता है की आग के गोले बरस रहे हो। लू के थपेड़ों की वजह से लोगों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। अयोध्या का तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक होने से गर्म हवा के थपेड़े लू का एहसास करा रहे हैं। अयोध्या में तापमान भी बढ़कर 41.5 डिग्री तक पहुंच गया है। लगातार पूरवा हवा के चलते हवाओं में नमी कम रहने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामान करना पड़ रहा है। अयोध्या न्यूनतम पारा भी 29 डिग्री के करीब पहुंच गया है।सूरज के पहली किरणों के साथ ही तापमान और भीषण गर्मी शुरू हो जाती है। गर्मी लोगों को परेशान करने लगती है। सुबह 10:00 बजे के बाद शाम चार बजे तक सूर्य देव पूरी तरह से प्रचंड रूप पर आए जा रहें है।जिससे लोगों को घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के प्रो डॉ अमर नाथ मिश्रा ने बताया कि आगामी सप्ताह में पूर्वी उत्तर में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है, जिसके चलते लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है। उमस भरी गर्मी का सामना आगामी कुछ दिनों तक करना पड़ेगा।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य सहित करीब आधा दर्जन आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धारा में रिपोर्ट हुई दर्ज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के गुंधौर गांव में मंगलवार को 25 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से की गई हत्या के बाद बुधवार को पुलिस और आक्रोशित लोगों के बीच हुई पत्थरबाजी तथा उपद्रव के मामले में कोतवाली पुलिस ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव निवासी नउवा कुआं थाना पूरा कलंदर, जिला पंचायत सदस्य राजमणि यादव पूरा बाजार, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लवकुश यादव निवासी धनुवावा बीकापुर सहित 28 नामजद एवं 40 से 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध उपनिरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह की तहरीर पर पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने, बलवा सहित गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया है।इस संबंध में एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि इस घटना में आरोपी करीब आधा दर्जन लोगों को चिन्हित करके कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की जा चुकी है।अन्य आरोपियों की तलाश कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है।वही प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस टीम के ऊपर लाठी, डंडा, लोहे के राड, हॉकी से हमला किया गया था। और पुलिस के वाहनों को क्षतिग्रस्त किया गया था।हमले में प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव, दरोगा जितेंद्र प्रताप सिंह, रामपुर भगन चौकी प्रभारी विरेंद्र पाल, कांस्टेबल रोहन एवं जितेंद्र बहादुर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।जिनका मेडिकल उपचार कराया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 307, 147, 148, 149, 332, 353, 341, 336, 427, 506, 504 एवं 7 आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस टीम पर हमला करने और उपद्रव करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार करके गुरुवार को चालान कर न्यायालय भेजा है।पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों में उमाशंकर यादव ,जैसराम , रवि कुमार रितेश उर्फ रितु यादव द्वारिका प्रसाद, रंजीत कुमार तथा जगदीश पाल शामिल हैं। बताया गया कि कुछ आरोपी घर से फरार हो गए हैं जिनकी तलाश कोतवाली पुलिस कर रही है।

# भ्रष्टाचार में लिप्त जिले में सीएम के जीरो टॉलरेंस की उड़ रही है धज्जियां

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्य नाथ की जीरो टॉलरेंस की शक्ति के बावजूद भी प्रदेश के नौकरशाह सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।पीड़ित के मुताबिक भ्रष्टाचार की जड़ें नौकरशाहों में इतनी गहरी छाप छोड़ चुकी है कि वे आम गरीब जनता की खून पसीने की गाढ़ी कमाई पर डाका डालना अपना हक समझने लगे हैं। भ्रष्टाचार की जड़ें नौकरशाह में इतनी गहरी छाप छोड़ चुकी है कि आम गरीब जनता की खून पसीने की गाढ़ी कमाई पर डाका डालना अपना हक समझने लगे है।जिले के राजस्व विभाग के अधिकारियों तहसीलदार एवं लेखपालों ने तो जैसे बिना सुविधा शुल्क लिए जनता का काम ना करने की कसम खा ली है। जबकि विभिन्न भ्रष्टाचार में लिप्त जिले के दो लेखपालों को काफी जद्दोजहद के बाद दोषी पाए जाने पर शिकायत कर्ताओं के काफी दबाव के काफी दिन बाद निलंबित किया जा चुका है। सूत्रों की माने तो तहसीलदार सोहावल मनोज गुप्ता कि भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतें जनता द्वारा नाम ना छापने की शर्त पर बराबर समाचार पत्रों में छपने और विगत सप्ताह तहसील दिवस में घर से बाहर रहने वाले किसान सुंदरलाल निवासी ग्राम मजनावा की खतौनी उसके पिता की मृत्यु के बाद पा का 11 के आदेश से मोदहा निवासियों के नाम जानबूझकर बिना किसी साक्ष्य के तहसील सोहावल मे उपरोक्त दर्ज करने की शिकायत तहसील दिवस प्रभारी सीडीओ आनिता यादव के सामने आई थी। जिस पर जांचोपरांत मुकदमा लिखा कर कार्रवाई का आदेश दिया गया था। परंतु उपरोक्त के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई न करके लीपापोती करके दोषियों को बचाया जा रहा। राजस्व लेखपाल विजय कुमार शुक्ला द्वारा किए गए भ्रष्टाचार में दोषी पाए जाने पर भी मंडलायुक्त एंव डीएम के तीन दिन में कार्रवाई करने के आदेश के बावजूद भी ए आर ओ जांच अधिकारी उसे जीवन दान दिए बैठे हैं। इसी तरह भ्रष्टाचार जिले के सभी तहसीलों के खारिज दाखिल वादो में 45 दिन बाद सरकार के आदेश के अनुसार खतौनी में आदेश बिना आपत्ति वाले मुकदमों में सक्षम अधिकारी द्वारा दिए जाने के नियम है।मोटी रकम लेकर जिले की सभी तहसीलों में तहसीलदार नायब तहसीलदार जनता की जेबों पर खुलेआम डाका डाल रहे हैं।इसी तरह की शिकायत तहसीलदार सोहावल के खिलाफ उच्च अधिकारियों को भाजपा के एक नेता एवं अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी ने शिकायत करके कार्रवाई की मांग की है। परंतु उपरोक्त भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही ना होने से जहां शिकायतकर्ता मायूस हैं वहीं पर जनता का मनोबल भी गिर रहा है।शिकायतकर्ता ने प्रदेश के सीएम एवं डिप्टी सीएम के दरबार में उपरोक्त भ्रष्टाचारी अधिकारी की शिकायत करने का मन बनाया है।

# स्कूल के भवन व भूमि पर दबंगो का कब्जा : लेखपाल की भूमिका को संदिग्ध मान रहे ग्रामीण

अयोध्या।(डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले के रूदौली शिक्षा क्षेत्र के एक विद्यालय की भूमि व अतिरिक्त कक्ष पर वर्षो से दबंगों का कब्जा है।आरोप के मुताबिक इसकी शिकायत होने के बाद भी दबंगो का कब्जा नही हट पाया है।मिली जानकारी के अनुसार ब्लाक रूदौली के प्राथमिक विद्यालय सहनी के अतिरिक्त कक्ष व भूमि पर गांव के हरिश्चंद्र पुत्र रतिपाल,धन पता पत्नी सर्वजीत,राम चेत पुत्र मोती लाल,राम तीरथ पुत्र सुखराम,इंदरश्याम पुत्र बाबादीन,इंदर जीत पुत्र बाबादीन, रामेश्वर पुत्र सुखराम,मरजी राम पुत्र सर्व जीत,किसुन पुत्र सर्बजीत सहित अन्य लोगो ने कब्जा कर रक्खा है।इसकी शिकायत भू प्रबंधा समिति अध्यक्ष राम गोपाल,ग्राम प्रधान मूरत देवी व प्राथमिक विद्यालय सहनी की प्रधानाध्यापक अर्चना यादव ने उपजिलाधिकारी रूदौली से की थी मगर काफी समय बीत जाने के बाद भी उपरोक्त कब्जा नही हट सका है।अभी तक कोई कार्यवाही न होने पर अवैध कब्जेदारों के हौसले बुलंद है।ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल राज कुमार दूबे पर अवैध कब्जेदारों से सांठगांठ होने का आरोप लगाया है उनका कहना है कि जब भी शिकायत होती है तो हल्का लेखपाल सिर्फ खाना पूर्ति करके चले जाते है।इस सम्बन्ध में खण्ड शिक्षा अधिकारी रूदौली राम शंकर ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी यदि स्कूल के भवन व भूमि पर कब्जा पाया जाएगा तो उसे हटवाया जाएगा।

## पीड़ित के मुताबिक दबंगों ने महिलाओं व बच्चों को बर्बरता पूर्वक पीटा : मुकदमा दर्ज

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी)जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के कुरावन पूरे सेवक शुक्ल गांव में दबंगों द्वारा महिलाओं व बच्चों को बर्बरता पूर्वक पीटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिला के पति की तहरीर पर खंडासा पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ मारपीट सहित गंभीर अपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।पीड़ित के मुताबिक कुरावन पूरे सेवक शुक्ल निवासी अमित कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि विगत दिन वह चौकी कनई कला गया था। उसी दौरान विपक्षी घर में महिलाओं व बच्चों को देख राज किशोर पुत्र राधे रमण, नंदकिशोर पुत्र राधेश्याम, विजय कुमार पुत्र जगदंबा, पीयूष पुत्र राजकिशोर, मातादीन पुत्र वंश राज व देवीदीन पुत्र वंशराज एकजुट होकर मेरे घर पहुंच गए और घर के बीच से जबरन नाली का निर्माण करने लगे जिसका विरोध करने पर उक्त दबंगों ने मेरी पत्नी, मां तथा बच्चों को पीट–पीटकर लहूलुहान कर दिया तथा पीड़ित के घर का नवनिर्मित दीवाल का पिलर भी दबंगों ने तोड़ डाला, इतने से भी दबंगों का जी नहीं भरा तो विजय कुमार अपनी रिवाल्वर निकालकर जान से मारने की धमकी देने लगे हल्ला गुहार सुनकर जब ग्रामीण घटनास्थल की तरफ दौड़े तो दबंगों ने पूरे परिवार को भद्दी–भद्दी गालियां व जान से मारने की धमकियां देते हुए अपना रिवालबर लहराते हुए भाग गए। जब पीड़ित अमित कुमार वापस लौटा तो देखा कि घर में उसकी पत्नी, मां तथा बच्चे मरणासन्न अवस्था में पड़े हैं। जिसकी सूचना पीड़ित ने डायल 112 की पुलिस को। जब तक डायल 112 की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तब तक दबंग घर छोड़कर भाग निकले। थानाध्यक्ष खंडासा ने बताया कि तहरीर के आधार पर 6 लोगों के विरुद्ध मारपीट व तोड़फोड़ सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस की निगरानी में पढ़ी गई नमाज : खुफिया विभाग ने जताई है विवाद की आशंका

लखनऊ ब्यूरो : पिछले हफ्ते शुक्रवार को कानपुर में हुई हिंसा के मद्देनजर लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस भी अलर्ट के मोड में है। इस बार शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज पर पुलिस की निगरानी शुरू हो गई है। खुफिया विंग ने भी कुछ इलाकों में विवाद होने की आशंका जाहिर करते हुए रिपोर्ट दी है। इसके बाद कमिश्नरेट पुलिस सतर्क हो गई है। किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए सभी थानों के शस्त्रागारों से असलहे बाहर निकाल लिए गए हैं। बरेलवी धर्मगुरु और इत्तेहाद–ए–मिल्लत के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने जुमे पर प्रदेशभर के मुसलमानों को एकजुट होने को कहा है जिसे लेकर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पूरे प्रदेश में सख्त सुरक्षा इंतजाम के निर्देश दिए गए हैं। कानपुर में पिछले शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम था। इसी दौरान जुमे की नमाज अता करने के बाद ही शहर में हिंसा भड़क गई थी। तभी से पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी कर दिया गया था। जुमे की नमाज को लेकर लखनऊ की कमिश्नरेट पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है। पुराने शहर की 550 मस्जिदों के आसपास सुरक्षा को लेकर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। वहीं पुराने शहर के अलावा भी शहर के सभी थानों में जुमे की नमाज को लेकर बैठक की गई। बृहस्पतिवार शाम जेसीपी एलओ ने पुराने शहर में भारी पुलिस बल के साथ रूट मार्च भी किया। 61 संवेदनशील स्थान चिह्नित पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के मुताबिक, पुराने लखनऊ में चौकसी बढ़ा दी गई है। पुराने शहर को 37 सेक्टर में बांटा गया है। हर सेक्टर का प्रभारी भी पुलिस अधिकारी को नियुक्त किया गया है। इस इलाके में 61 संवेदनशील स्थान भी चिह्नित किए गए हैं। यहां पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस के अफसरों ने दोनों धर्म के जिम्मेदारों से बातचीत कर शांति बनाए रखने की अपील की है। आठ मकानों की छत पर मिले ईंट व मलबा एसीपी चौक आईपी सिंह के मुताबिक, सुरक्षा के मद्देनजर बृहस्पतिवार को चौक इलाके में ड्रोन की मदद से निगरानी की गई। इस दौरान पुलिस को आठ घरों पर ईंट और मलबा पड़ा मिला। चिन्हित किए गए मकान के मालिकों से संपर्क कर उसे हटवाया गया। शुक्रवार की नमाज को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। सभी थानेदारों को अपने–अपने इलाके में पड़ने वाली मस्जिदों पर ड्यूटी लगाने और चौकसी बढ़ाने का आदेश दिया गया है। जुमे की नमाज की संवेदनशीलता को देखते हुए बृहस्पतिवार शाम करीब छह बजे के आसपास जेसीपी कानून–व्यवस्था पीयूष मोर्डिया ने पश्चिमी जोन के संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल के साथ रूट मार्च किया। उनके साथ डीसीपी पश्चिम सोमेन वर्मा, एडीसीपी चिरंजीवनाथ सिन्हा, एसीपी चौक आईपी सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। छतों और गलियों की निगरानी कर रहे ड्रोन जुमे से एक दिन पहले ही ड्रोन पुराने लखनऊ में हर घर की छत और गली की निगरानी कर रहे हैं। खासतौर पर यह देखा जा रहा है कि किसी मकान पर पत्थर न इकट्ठे किए गए हों। संदिग्धों पर भी नजर रखी जा रही है। ड्रोन के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है जहां से हर घंटे की फुटेज पुलिस मुख्यालय भेजी जा रही है। पुराने लखनऊ के हर थाने को अतिरिक्त फोर्स और हथियार मुहैया कराए गए हैं। बृहस्पतिवार को अधिकारियों ने असलहों का खुद जायजा लिया और इसका रिहर्सल भी कराया। रिजर्व पुलिस लाइन से भारी मात्रा में असलहे चौक, ठाकुरगंज, सआदतगंज, बाजारखाला थानों में भेजे गए हैं।

# ढांचे में शिवलिंग या फव्वारा! दावों का पता लगाने के लिए आयोग बनाने की याचिका पर हाईकोर्ट 13 को सुनाएगा फैसला

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर में मिले ढांचे में शिवलिंग होने या फिर इसे फव्वारा होने के दावों का पता लगाने को इसके इसका अध्ययन के लिए आयोग/समिति बनाने की गुजारिश वाली जनहित याचिका पर शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित कर लिया। हाईकोर्ट ने फैसला सुनाने को 13जून की तिथि नियत की है। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यह आदेश वाराणसी व लखनऊ के सात याचियों द्वारा अधिवक्ता अशोक पांडेय के जरिए दायर याचिका पर दिया है। याचिका में केंद्र व राज्य सरकार समेत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को पक्षकार बनाया गया था । याचियों का कहना था कि हिन्दू दावा कर रहे हैं कि वहां शिवलिंग मिला है। जबकि, मुसलमानों का दावा है कि यह एक फव्वारा है। याचियों ने कोर्ट से आग्रह किया कि ऐसे में, संबंधित पक्षकारों को निर्देश दिया जाय कि ढांचे का अध्ययन करने को सुप्रीमकोर्ट या हाईकोर्ट के वर्तमान या सेवा निवृत्त जज की अध्यक्षता में आयोग या समिति गठित की



जाय और इसकी रिपोर्ट के मुताबिक कारवाई की जाय। अर्थात, अगर शिवलिंग हो तो भक्तों को विधि विधान से पूजा अर्चना की अनुमति दी जाय औरत अगर यह फव्वारा हो तो इसे सुचारु किया जाय। उधर, केंद्र व राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि मामला वाराणसी से संबंधित है ।ऐसे में याचिका लखनऊ पीठ में सुनाए जाने लायक नहीं है। राज्य सरकार की ओर से अपरमहाधिवक्ता विनोद कुमार शाही पेश हुए।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।